Dainik Bhaskar (Indore), 2nd November 2020, Page-15 (Front Page-4)

# आईआईटी में सिविल इंजीनियरिंग पर शुरू होंगे शॉर्ट टर्म कोर्स

इंदौर| आईआईटी इंदौर में नवंबर से दो नए शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू होंगे। एडवांसमेंट इन सिविल इंजीनियरिंग और हाई एनर्जी फिजिक्स के बारे में जानकारी देने वाले कोर्स 2 नवंबर और 5 नवंबर से शुरू होंगे। दिसंबर में एक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस भी होगी। ये सभी आयोजन ऑनलाइन होंगे। 2 नवंबर से शुरू होने जा रहे एडवांसमेंट इन सिविल इंजीनियरिंग कोर्स में पानी के स्रोत, पर्यावरण और मौसम के बारे में जानकारी दी जाएगी। कोर्स के जरिए इस क्षेत्र में काम करने वाले वैज्ञानिक, इंजीनियर, प्रोफेशनल और स्कॉलर, अपने अनुभवों के आधार पर हासिल किए गए ज्ञान को साझा भी कर सकेंगे। कोर्स में सिविल इंजीनियरिंग इंडस्ट्री और एकेडमिक क्षेत्र के जानकार लेक्चर लेंगे। 5 नवंबर से शुरू होने वाले एलिस इंडियन स्कूल ऑन क्वार्क-ग्लूऑन प्लाज्मा नामक कोर्स में एक्सपेरिमेंटल हाई एनर्जी फिजिक्स से संबंधित विभिन्न विषयों के बेसिक कंसेप्ट का नॉलेज दिया जाएगा।